दिल्ली: 6 करोड़ की इंपोर्टेड सिगरेट और लहंगे में छिपाकर भेजा जा रहा ड्रग्स हुआ जब्त

मंगलवार को दिल्ली के कस्टम विभाग के हाथ दो बड़ी कामयाबी लगी. एक कार्रवाई में जहां टीम को 6.07 करोड़ कीमत की सिगरेट्स मिली तो दूसरी कार्रवाई में उन्होंने लहंगे में छिपाकर भेजे जा रहे है MDMA ड्रग को जब्त किया.

Reported by मुकेश सिंह सेंगर, Edited by नितेश श्रीवास्तव Updated: 10 फ़रवरी, 2021

60 लाख से ज्यादा इंपोर्टेड सिगरेट जब्त

नई दिल्ली: मंगलवार को दिल्ली के कस्टम विभाग के हाथ दो बड़ी कामयाबी लगी. एक कार्रवाई में जहां टीम को 6.07 करोड़ कीमत की सिगरेट्स मिली तो दूसरी कार्रवाई में उन्होंने लहंगे में छिपाकर भेजे जा रहे है MDMA ड्रग को जब्त किया. विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के बाद SIIIB, ICD पटपड़गंज की टीम ने 6.07 करोड़ कीमत की 60 लाख से ज्यादा इंपोर्टेड सिगरेट जब्त की है. इसके अलावा 21 फोटोकॉपियर की मशीनें भी जब्त की थी. यह मशीनें पुरानी हैं और इन्हें गलत तरीके से एल्यूमिनियम स्क्रैप घोषित किया जा चुका था.

Source: *https://khabar.ndtv.com/news/delhi/worth-rs-6-crore-imported-cigarettes-and-mdma-seized-by-delhi-custom-team-2367155*